
# INDEX


| Sr. No. | Name of the document | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | National Commemorative Days | 2-8 |
| 2. | International Commemorative Days | 9-15 |

1. **National Commemorative Days**

- **Republic Day**



Date :- 26th January, 2022

Celebration of 73rd Republic Day

A notice regarding the celebration of the event was circulated to the cadets and they were informed to come to the college following the COVID Protocols.

**NOTICE**

Dated: 25th January, 2022

It is for the information of all the NCC Cadets that 73rd REPUBLIC DAY will be celebrated in the college premises at 9:00 AM sharp on 26th January, 2022. It is mandatory for all the cadets to reach by 8:45 AM and get their attendance marked. It is further informed that all the cadets will come in their NCC uniform.

25/Jan/2022
NCC Incharge

25/1/2022
Principal



# गणतंत्र दिवस पर कॉलेज में नीरज जिन्दल ने फहराया ध्वज



डबवाली (लहू की लौ) गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली के प्रांगण में आज 73 वां गणतंत्र दिवस बड़े सादगी पूर्ण तरीके से सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव नीरज जिंदल ने अदा की। उन्होंने कहा कि भारतीय गणतंत्र अपने आप में अनेकता में एकता की एक अद्भुत मिसाल पेश करता है और हम सबको इसको कायम रखने के लिए हर मुमकिन प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि भारतीय गणतंत्र एक बहुत ही कठिनाई से मिली सौगात है जिसकी वजह से यह देश व इसकी व्यवस्था चल पा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले भारत के ऊपर ब्रिटिश सरकार के दुर्व्यवहार की वजह से भारत के लोग अपनी जिंदगी में गुलाम बनकर जीने को मजबूर थे लेकिन आजाद भारत का गणतंत्र हमें कितने ही अधिकार प्रदान करता है और उसी के साथ हमारी कुछ जिम्मेदारियां भी तय करता है जिसको हमें दृढ़ निश्चय के साथ संपूर्ण करना चाहिए। उन्होंने गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई दी व इस विश्व को कोरोना महामारी से जल्द से जल्द मुक्ति मिलने की कामना की।

एनसीसी प्रभारी प्रो. प्रिंस सिंगला ने कहा कि इस वर्ष देश को स्वतंत्र हुए 75 वर्ष हो चुके है तो पूरे देश में गणतंत्र दिवस को भी आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर एनसीसी सह प्रभारी प्रो. माणिक जिंदल, एनसीसी कैडेट्स व टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

**Independence Day Celebration**



Independance Day 15-Aug-2021 122.
News on - 16-Aug-2021
17-Aug-2021.

NCC units of Guru Nanak College, Killianwali celebrated 75th Independence day of India [Aazadi ka Amrit Mahotsav].

On this occasion, our President of Management Committee Major (Retd.) Bhupinder Singh Dhillon hosted the flag.

In this event our college Management Committee Secretary Sh. Neeraj Jindal, Vice President S. Gurdyal Singh, Cashier Sh. Amarveer Singh, member Smt. Pushpa Jindal, Dr. Kulwinder Singh Sandhu, Sh. Amit Behal & NCC cadets were present

Total Participants → 35

(PRINCIPAL)

स्वतंत्रता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया

# गुरू नानक कॉलेज में 75वां स्वतंत्रता दिवस आजादी अमृत महोत्सव के रूप में मनाया

**डबवाली केसरी**

**डबवाली।** गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में 75वां स्वतंत्रता दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में बड़े सादगी पूर्ण ढंग से सरकारी निर्देशों का पालन करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने की रस्म कालेज प्रबंधन समिति अध्यक्ष मेजर रिटायड भूपिन्दर सिंह ढिल्लों ने अदा की एवं उन्होंने इस पावन राष्ट्रीय पर्व की सभी को हार्दिक बधाई दी। प्रबंधन समिति सचिव नीरज जिंदल ने कौम की आजादी के लिए शहादत का जाम पीने वाले शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को हमेशा याद रखे जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कॉलेज प्रिंसिपल डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने स्वतंत्रता को इंसान के लिए सबसे बहुमूल्य चीज बताया एवं उन्होंने युवा वर्ग को अपनी




स्वतंत्रता बरकरार रखने के लिए सदैव सजग रहने का आह्वान किया। एनसीसी सीटीओ प्रोफेसर प्रिंस सिंगला ने बताया कि आज कॉलेज की एनसीसी इकाई के सात कैडेट्स का गवर्मनेट राजिंद्रा कॉलेज बठिंडा में होने वाली सरकारी परेड के लिए चयन हुआ है, पिछले सात दशकों में यह संभवतः प्रथम बार हुआ है जो कि कालेज के लिए एक गर्व की बात है। राष्ट्रीय पर्व के इस पावन अवसर पर प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष स. गुरदयाल सिंह, कोषाध्यक्ष अमरवीर सिंह ढिल्लों, सदस्या श्रीमती पुष्पा जिंदल एवं कालेज टीचिंग स्टाफ से डॉ. कुलविन्दर सिंह संधु, प्रोफेसर अमित बहल, कॉलेज ऑफिस सुप्रीटेंडेंट सुखपाल सिंह भाटी, गुरुनानक हाई स्कूल प्रिंसीपल श्रीमती सुनीता शर्मा, अध्यापिका श्रीमती रूपिन्दर कौर, एनसीसी कैडेट्स, टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ मेंबर मौजूद थे।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

- **Janamashtami Celebration**



## Martyrdom Day





## नानक कॉलेज में शहीदों को किया न

### हर दिन करें शहीदों को नमन:

अग्नि एक्सप्रेस

किलियांवाली। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अमित बहल को सलाम करते हुए कहा कि हमें सिर्फ एक दिन या कुछ चुनिं ही नहीं बल्कि हर दिन स. भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव थापर सरीखे महान बलिदानियों को याद करके नमन करना चाहिए क्योंकि जो हम आज आजादी का आनंद ले रहे हैं वह उनकी शहादत की बदौलत ही है। आज हर कोई कौम के इन महान सपूतों की शहादत को सलाम करता है पर स्वयं कोई भी भगत सिंह बन कर देश के लिए बलिदान नहीं देना चाहता। भगत सिंह स्वयं में एक विचारधारा थे जिन को इतिहास में वह जगह नहीं दी गई जिसके वह सही मायनों में हकदार थे। उनकी क्रांतिकारी सोच एवं ... की आज अत्यंत आवश्यकता है। युवा पीढ़ी को उस से प्रेरणा ... हित को सर्वोपरि मानना चाहिए। इंकलाब जिंदाबाद था,जिंदाबाद है, रहेगा। कार्यक्रम के अंत में थिंकर सोसायटी अध्यक्ष बीए तृतीय ... सहजप्रीत सिंह ने प्रबंधन समिति सचिव, प्रधानाचार्य महोदय, ... और प्रतिभागी साथियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि- शहीदों की ... हर वर्ष लगेंगे मेले,वतन पर मिटने वालों का बस यही आखरी निशां ...



## सिंह को इतिहास में वह जगह नहीं दी गई जिसके वह हकदार थे-



ईंटों का भट्ठा
अग्रवाल ब्रिक्स कम
कोयले की बनी बढ़िया ई
टाईल खरीदने के लिए सम्पर्क

आवश्यकता

Manan Coaching Centre
Diksha Bansal M. 97298-04466
(B.Sc, M.Sc-Maths)
Join Classes for:
8,9,10 Standard (any board)
Sub:- English, Science & Mathematics
+1,+2(Non Medical)

डबवाली अनाज मंडी के भाव
नरमा : 6000-10790
ग्वार : 5000-5750
सरसों : 6000-6350

टाईल लगवायें



## गुरु नानक कालेज में शहीदे आज़म स. भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत को स्मरण करते हुए शहीदी दिवस मनाया

डबवाली (त्रिवेणी केसरी)



डबवाली केसरी 04

## रू नानक कॉलेज में शहीदों को किया नम

### हर दिन करें शहीदों को नमन:बह



## ਅੱਜ ਦੀ ਆਵਾਜ਼

Daily Aj Di Awaz

## ਗੁਗਲ ਮੀਟ ਰਾਹੀਂ ਜੀ.ਐਨ. ਕਾਲਜ ਮੰਡੀ ਕਿਲਿਆਂਵਾਲੀ ਨੇ ਮਨਾਇਆ ਸ਼ਹੀਦੀ ਦਿਹਾ

## 2. International Commemorative Days

- **International Women Day**

7.3.2022

A meeting of Internal Complaints Committee will be held on 7.3.2022 in connection with the celebration of International Women's Day i.e. on 8th March, 2022 in the department of English at 12.00 noon.

Agenda

- To read out the minutes of previous meeting.
- To celebrate International Women's Day
- Any other

The following members have attended the meeting

1. Surinder Kapila  Kapila
2. Dr. Seema Rani.  Seema Rani

It was decided in this meeting that an Extension Lecture on Gender Equality would be organised by Internal Complaints Committee cum Women Cell on the eve of International Women's Day by Dr. Navjeet Kaur Sandhu at 11.00 a.m.

Dated 07.03.2022

## Notice

All the students are informed that Internal Complaints Committee cum women cell is going to organize an "Extension Lecture" on the eve of "**International Women's Day**"(March 8th, 2022) on the topic "**Gender Equality**" by Dr. Navjeet Kaur Sandhu at 11.00am on the following link https://meet.google.com/ibf-cwiy-kfz

It is mandatory for all the students to attend the same and ensure to join te link at 10.45am sharp.

Co-ordinator

Principal
7/3/2022

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

Dabwali Kesri


डबवाली केसरी 02


*गुरु नानक कॉलेज में महिला दिवस पर लैगिंक विषय पर व्याख्यान आयोजित*

# लिंग के आधार पर न हो कोई भेदभाव:डा. नवजीत

डबवाली केसरी

मंडी किलियांवाली। गुरु नानक कॉलेज के आंतरिक शिकायत निवारण और स्त्री प्रकोष्ठ (विमेन सेल)द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लैंगिक समानता को केंद्रीय बिंदु रखते हुए एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्राइम फिजियोकेयर, मंडी डबवाली से न्यूरोथेरेपिस्ट डॉ. नवजीत कौर उपस्थित हुई। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए विमेन सेल कोऑर्डिनेटर अंग्रेजी विभागाध्यक्षा एसोसिएट प्रो. सुरिन्दर कपिला ने सर्वप्रथम मुख्य मेहमान का परिचय विद्यार्थियों के समक्ष पेश किया,आज के दिवस के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर रोशनी डाली। उन्होंने विशेष तौर पर इंगित किया कि आज के दिन 29 स्त्रियों को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है जो कि नारी जाति के लिए अत्यंत गर्व की बात है। कालेज प्रधानाचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने डॉ.नवजीत का स्वागत करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय नारी दिवस पर बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज सारी दुनिया नारी शक्ति को सलाम करते हुए विमेंस डे मना रही है इसलिए इस दिवस को केवल सैद्धांतिक तौर पर ही मनाए जाने की अपेक्षा व्यवहारिक रूप में मनाए जाने पर बल दिया जाना चाहिए। सारी दुनिया में स्त्रियों विशेष करके भारत की स्त्रियों को और स्वतंत्र बनने तथा निर्णय – निर्माण प्रक्रिया में और मजबूत होकर उभरने की जरूरत







है,तभी सरकारों और समाज द्वारा उनके सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयत्न पूरी तरह सार्थक साबित होंगे। मुख्य वक्ता डॉ. नवजीत ने अपने व्याख्यान का आरंभ लैंगिक समानता का अर्थ स्पष्ट करते हुए किया कि इसका भावार्थ है लिंग के आधार पर किसी तरह का कोई भेदभाव न होना। प्रसिद्ध जर्मन एक्टिविस्ट क्लारा जेटकिन के जोरदार प्रयासों के बदौलत इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस ने साल 1910 में महिला दिवस के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप और इस दिन सहमति दी।भूतकाल में और आज 21वीं सदी में भी स्त्रियों की दशा हमेशा निम्न, दयनीय और शोचनीय रही जिसके लिए हमारी पितृसत्तात्मक सोच, दहेज प्रथा, औरत का अशिक्षित होना और आर्थिक तौर पर अपने पैरों पर न खड़े होना एवं सबसे बड़ा समाज का उनके प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण था।

इसी कारण लड़कियों को पढ़ाया नहीं जाता था, उन्हें नौकरी नहीं करने दी जाती थी, शादी से पहले और शादी के बाद जीवन पर्यंत उनको सामाजिक पारंपरिक बंधनों में बंधकर रहने के लिए बाध्य किया जाता था । इसी नकारात्मक सोच के चलते आज भी स्त्रियों के साथ घरेलू हिंसा हो रही है, उनका शोषण हो रहा है और वे मानसिक तनाव और दबाव से हमेशा गुजरती हैं ।परंतु अब वक्त आ गया है जब हम नारियों को अपने आप को सब क्षेत्रों में आगे लाकर साबित करना होगा ताकि हमारे अभिभावक हम पर गर्व महसूस करें और समाज की सोच हमारे लिए बदले। असिस्टेंट प्रो. आशीष बागला ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर नारी सम्मान के लिए शपथ दिलवाई एवं मजबूत करते हुए घर से समाज तक, देश से दुनिया तक नारी शक्ति का सम्मान करने का आह्वान किया। बी.ए. तृतीय से छात्रा जसवीर कौर(रोल नं 928), हुस्नदीप सिंह(रोल नं 901), बी.ए. द्वितीय से छात्रा अमनदीप कौर (रोल नं 725), जशनदीप कौर सिद्धू (रोल नं 724) तथा बी.ए. प्रथम से छात्रा हरप्रीत कौर (रोल नं 505) व स्वाति (रोल नं 411) ने अपनी कविताओं/ रचनाओं के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए और आज के परिपेक्ष्य में नारी की स्थिति और उसमें सुधार की जरूरत पर रोशनी डाली।

राजनीति शास्त्र विभाग अध्यक्ष प्रो. अमित बहल ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शाबाशी देते हुए कहा कि हमारे वेदों -पुराणों व संस्कृति में नारी को बड़ा उच्च स्थान देते हुए लिखा गया है यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता पर आज केवल भारतीय समाज में ही नहीं बल्कि विश्व में विशेषकर कोरोना काल के बाद तथा आज रूस -यूक्रेन युद्ध के समय स्त्री की स्थिति और विकट हो गई है। इस में सुधार और उत्थान के लिए हम सभी लोगों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की आज नितांत आवश्यकता है,तभी इस दिवस को मनाने की सार्थकता सत्य में सिद्ध होगी। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज विमेन सेल सदस्या कॉमर्स विभाग से डॉ. सीमा जिंदल ने स्त्री सम्मान और स्त्री सशक्तिकरण के प्रति अधिक आत्मीयता व संवेदना की जरूरत बताई एवं उन्होंने मुख्य वक्ता डॉक्टर नवजीत कौर, प्रधानाचार्य डॉ.ठाकुर एवं इस कार्यक्रम में उपस्थित

## अपने गांव के विकास के लिए सरकार को सुझाव दे सकते हैं ग्रामीण

डबवाली केसरी

सिरसा। ग्रामीण आंचल के निवासी अब सरकार को विकास कार्यों संबंधी

- **International Yoga Day**

**NOTICE** **20-06-2022**

This is for the Information of all the volunteers and cadets that NSS and NCC unit of our college is going to organise a **"Yoga Practice Session"** on the eve of International day of Yoga on **21st June 2022 at 9:15AM** in the College Seminar Hall.

You all are required to attend this session.

Thanks

NSS NCC Principal






EK BHARAT
SHRESHTHA BHARAT
GURU NANAK COLLEGE
NCC
20 PB. BN. NCC BATHINDA




Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

## गुरु नानक कॉलेज में एक दिवसीय योग शिविर आयोजित
# योग को बनाए दिनचर्या का हिस्सा:सुरेंद्र ठाकुर



पब्लिक मंच, डबवाली
गुरु नानक कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर के निर्देशन में एनएसएस इकाई, एनसीसी इकाई व एक भारत श्रेष्ठ भारत श्रृंखला में एक दिवसीय योगा कैंप लगाया गया। इसमे कॉलेज कार्यालय से दविंदरजीत सिंह ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को विभिन्न योगा आसान व प्राणायाम के बारे में जानकारी दी और अभ्यास करवाया। एनएसएस के 21 वॉलेंटियर, एनसीसी के 15 कैडेट्स, कॉलेज के अध्यापकों व गुरु नानक कॉलिजिएट स्कूल से प्रिंसिपल सुनीता शर्मा व उनके स्कूल के अध्यापकों ने भाग लिया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल ऑफिसर डॉ. खुशनसीब कौर सूर्या ने योगा के महत्व के बारे में जानकारी दी व एनसीसी इकाई के प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिंस सिंगला ने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। योगा अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को शुगर, सरवाइकल, हाई ब्लड प्रेशर आदि जैसी बीमारियों से बचने के लिए विभिन्न आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। एनएसएस प्रभारी असिस्टेंट प्रो. आशीष बाघला ने योगा अभ्यास सत्र के बाद एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया जिसका मुख्य विषय योगा-मिलाप का दूसरा नाम रहा।

उन्होंने कहा कि योगा प्राणायाम व आसन हमारे शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं व हमारे मन को स्वस्थ रहने के लिए निरंतर मेडिटेशन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि योगा भारत के प्राचीन इतिहास की एक बहुमूल्य देन है। संस्कृत भाषा के अनुसार शब्द यूज का अर्थ होता है योगा या मिलाप। इसके गहरे अर्थ के अनुसार योगा को इसको हमारी आत्मा का परमात्मा से मिलाप का रास्ता बताया गया है क्योंकि योगा हमारे मन को नियंत्रण में करने में सहायता करता है। प्राचार्य डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के समय में तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योगा एक रामबाण इलाज की तरह काम करता है।

उन्होंने कहा कि हमारे मन और तन दोनो के स्वस्थ रहने के लिए योगा को हमारे दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने सब को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस की बधाई दी और हमारे जीवन में इसको पहल देने का आह्वान किया।

# त्रिवेणी केसरी

3

## गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में योगा दिवस की रही धूम



डबवाली(त्रिवेणी केसरी)
गुरु नानक कॉलेज किलियांवाली में अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंदर सिंह ठाकुर के निर्देशन में आज एन.एस.एस. इकाई, एन.सी.सी. इकाई व एक भारत श्रेष्ठ भारत श्रृंखला में एक दिवसीय योगा कैंप लगाया गया। जिसमे कॉलेज ऑफिस से श्री दविंदरजीत सिंह ने अध्यापकों व विद्यार्थियों को विभिन्न योगा आसान व प्राणायाम के बारे में जानकारी दी और अभ्यास करवाया। जिसमे एन.एस.एस के 21 वॉलंटियर, एन.सी.सी. के 15 कैडेट्स, कॉलेज के अध्यापकों व गुरु नानक कॉलिजिएट स्कूल से प्रिंसिपल मैडम सुनीता शर्मा व उनके स्कूल के अध्यापकों ने भाग लिया। एक भारत श्रेष्ठ भारत के नोडल ऑफिसर डॉ. खुशनसीब कौर सूर्या ने योगा के महत्व के बारे में जानकारी दी व एन.सी.सी इकाई के प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिंस सिंगला ने विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। योगा अभ्यास के दौरान विद्यार्थियों को शुगर, सर्वाइकल, हाई ब्लड प्रेशर आदि जैसी बीमारियों से बचने के लिए विभिन्न आसन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। एन.एस.एस प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष बाघला ने योगा अभ्यास सत्र के बाद एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया जिसका मुख्य विषय «योगा-मिलाप का दूसरा नाम» रहा। उन्होंने कहा कि योगा प्राणायाम व आसन हमारे शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं व हमारे मन को स्वस्थ रहने के लिए निरंतर मेडिटेशन की जरूरत होता है।उन्होंने आगे कहा कि योगा भारत के प्राचीन इतिहास की एक बहुमूल्य देन है। संस्कृत भाषा के अनुसार शब्द युज का अर्थ होता है योगा या मिलाप। इसके गहरे अर्थ के अनुसार योगा को इसको हमारी आत्मा का परमात्मा से मिलाप का रास्ता बताया गया है क्योंकि योगा हमारे मन को नियंत्रण में करने में सहायता करता है। प्रिंसिपल डॉ सुरिंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि आज के समय में तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योगा एक रामबाण इलाज की तरह काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे मन और तन दोनो के स्वस्थ रहने के लिए योगा को हमारे दिनचर्या का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने सब को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस की बधाई दी और हमारे जीवन में इसको पहल देने का आह्वान किया।

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)

Principal
Guru Nanak College
Killianwali (Sri Muktsar Sahib)